आर्मी पब्लिक स्कूल,रानीखेत 20-21

विषय-हिंदी प्रश्नपत्र-1

कक्षा-11

समय :3:00 **पूर्णांक:100**

निर्देश :1. इस प्रश्नपत्र के तीन खण्ड हैं -क,ख,और ग|

2. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है|

खण्ड(क (15)

प्रश्न-1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए|

सांस्कृतिक दृष्टि से देखें तो सम्पूर्ण देश में एक अद्भुत समानता दिखाई देती है| सारे देशों में विभिन्न देवी देवताओं के मन्दिर हैं| इन सबमें प्राय: एक जैसी पूजा पद्धति चलती हैं सभी धार्मिक लोगों में व्रत त्योहारों को मानने की एक सी प्रवृति हैं| वेद, रामायण और महाभारत ग्रन्थों पर धार्मिक अनुष्ठान कर्म आया तो उसके भी अनुसरण में सारे देश में विपुल साहित्य की रचना की गई| जब इस्लाम धर्म आया तो उसके भी अनुयायी सारे देश में फैल गए| इसी प्रकार ईसाई धर्मावलम्बी सम्पूर्ण देश में पाए जाते है| इससे सारा देश वस्तुतः एक ही सूत्र में बंधा हुआ है| भारतीय संस्कृति में प्रत्येक व्यक्ति की अपनी पहचान हैं| इस पहचान के कारण इस देश के लोग एक-दूसरे से अपना भिन्न अस्तित्व रखते है| विभिन्न प्रकार के रहन-सहन तथा पहनावे के होने पर भी सारा देश वस्तुतः एक ही है| सांस्कृतिक एकता ही वस्तुतः इस देश वह शक्ति है जिससे इतना बड़ा देश एक सूत्र में बंधा हुआ है| विविधता में एकता की विशेषता पर सभी भारतीयों गर्व करते हैं तथा इस पर संसार दंग है|

(क) सांस्कृतिक दृष्टि से देखने पर सम्पूर्ण देश में क्या-क्या समानता दिखाई देती है? (2)

(ख) भारत की किस विशेषता पर सभी भारतीयों गर्व करते हैं? (2)

(ग) भारत में सांस्कृतिक एकता किस रूप में दिखाई देती है? (2)

(घ) सारे देश में विपुल साहित्य की रचना क्यों की गई? (2)

(ड़) 'धर्मावलम्बी' शब्द का क्या अर्थ है? 'अवलम्बी' शब्द लगाकर एक और शब्द बनाइए|(2)

प्रश्न -2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश कोपढ़करदिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए|तू अगर जिन्दा है तो, जिन्दगी की जीत पे यकीन कर,
अगर कहीं है स्वर्ग तो, उतार ला जमीन पर
ये गम के और चार दिन, सितम के और चार दिन
ये दिन भी जाएँगे गुजर, गुजर गये हजार दिन
कभी तो होगी इस चमन पर भी बहार की नजर
अगर कहीं है स्वर्ग तो, उतार ला जमीन पर|
हमारे कारवाँ को मंजिल का इन्तजार है,
ये आँधियों, ये बिजलियों की पीठ पर सवार है,
तू आ कदम मिला के चल, चलेंगे एक साथ हम
अगर कहीं है स्वर्ग तो उतार ला जमीन पर|
बुरी है आग पेट की, बुरे हे दिल के दाग ये
न छुप सकेंगे अब कभी,बनेंगे इन्कलाब ये
गिरेंगे जुल्म के महल, बनेंगे फिर नवीन घर
अगर कहीं है स्वर्ग तो उतार ला जमीन पर|

(क) 'आंधियाँ' और 'बिजलियाँ' किनकी प्रतीक हैं? (1)

(ख)'दिल के दाग' से कवि का क्या आशय है? (1)

(ग)' ये आँधियों, ये बिजलियों की पीठ पर सवार है,' पंक्ति में निहित संवेदना लिखिए|(1)
(घ)कवि अपने गुजरते दिनों को किस तरह सम्बोधित करता है? (1)
(ड़) पद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक लिखिए| (1)

खण्ड(ख) (85)

प्रश्न-3 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी कल्पना और मौलिक विचार शक्ति के आधार पर एक रचनात्मक लेख लिखिए| (5)
(क) मीडिया का सामाजिक दायित्व
(ख) जीवन संघर्ष है,स्वप्न नहीं
(ग) प्राकृतिक आपदाएँ
(घ) वर्तमान शिक्षा पद्धति की प्रासंगिकता

प्रश्न-4 किसी आपराधिक घटना की अपनी सनसनीखेज पड़ताल से कुछ समाचार चैनल जाँच में बाधा डालते है और न्यायालयों में मामला पहुँचने से पहले ही आरोपी को अपराधी ठहरा देते हैं| इस प्रवृत्ति पर अपने विचार किसी समाचार पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए| **(5)अथवा**
कुछ अभिभावक अपने अट्ठारह वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति दे देते है, जो गैरकानूनी होने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी हितकर नहीं है| इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए एक दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए|

प्रश्न- 5 एक पटकथा लिखते समय लेखक को किन-किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए| **(5)**

अथवा

"करोनाकाल और आप: एक नया अनुभव" पर डायरी लेखन कीजिए|

प्रश्न-6निम्नलिखित प्रश्नों के अतिलघु उत्तर लिखिए| (4)
(क) भारत में सर्वप्रथमप्रकाशित हिंदी अखबार का नाम लिखिए|
(ख) 'फीचर' में किसकी प्रधानता रहती है?
(ग) डब्लू. डब्लू. डब्लू. से क्या अभिप्राय है?
(घ) प्रिंट माध्यम की दो कमियों लिखिए|

प्रश्न -7 'कोरोना का जन जीवन पर प्रभाव' विषय पर एक आलेख लिखिए| **(3)**

प्रश्न-8 'नित नई समस्याओं से घिरते हम ' इस विषय पर एक फीचर लिखिए|**(3)**

प्रश्न-9 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (6)

पिछले सुख की स्मृति आँखों में
क्षण भर एक चमक है लाती,
तुरंत शून्य में गड़ वह चितवन
तीखी नोक सदृश बन जाती |

(क) **'तुरंत शून्य में गड़ वह चितवन'** पंक्ति में शून्य से क्या तात्पर्य है?
(ख) किसान की आँखों में किस सुख की याद आने पर चमक आ जाती है?

(ग) किसान की दृष्टि नोंक के समान क्यों हो जाती है?

प्रश्न-10 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (8)

मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई,
जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई|
छाड़ि दईकुल की कानि का करी है कोई,
संतन ढिंग बैठी-बैठी लोक लाज खोई|
असुंवन जल सींच-सींच प्रेम बेल बोई,
अब तबेल फैल गई आनंद फल होय|
दूध की मथनियाँ बड़े प्रेम से विलोई,
दधिमथिघृत काढि लियो डार दई छोई|
भगत देखि राजी हुई जगत देखि रोई,
दासी मीरा लाल गिरधर तारो अब मोहि|

(क)मीरा द्वारा 'दूसरों न कोई' कहने से कौन सा भाव प्रकट होता है?
(ख)मीरा किस के प्रति समर्पित है? और क्यों?
(ग)मीरा ने किस बेल को बोया है? और कैसे?
(घ) 'तारो अब मोहि' के माध्यम से मीरा क्या कहना चाहती हैं?

प्रश्न-11 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (6)

वंशीधर को जैसे रमेश के रूप में साक्षात भगवान मिल गए हों| उनकी आंखों में पानी छलछलाने लगा| भरे गले से वे केवल इतना ही कह पाए कि बिरादरी का यही तो सहारा होता है| छुट्टियां होने पर रमेश वापस लौटा, तो मां-बाप और अपने गांव की दुनिया से बिछड़कर सहमा-सहमा सा मोहन भी उसके साथ लखनऊ आ पहुंचा| मोहन की जिंदगी का एक नया अध्याय शुरू हुआ| घर की दोनों महिलाओं जिन्हें वह चाची और भाभी कहकर पुकारता था,का हाथबटाने के अलावा धीरे-धीरे वह मोहल्ले के सभी चाचियों और भाभियों के लिए कामकाज में हाथ बटाने का साधन बन गया|

(क)वंशीधर को रमेश में साक्षात भगवान के दर्शन क्यों हुए?
(ख)रमेश के घर मोहन के साथ कैसा व्यवहार किया जाता था?
(ग)लखनऊ में मोहन का समय कैसे बीता?

प्रश्न -12 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए| (6)

(क) 'वे आँखे' कविता में किसान की आँखों को देखकर कवि को क्या-क्या महसूस होता है?
(ख) कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक हैं| इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिए|
(ग) मीरा जगत को देखकर रोती क्यों हैं?

प्रश्न -13 निम्नलिखित में प्रश्नों के उत्तर लिखिए| (6)

(क)मोहन के लखनऊ आने के बाद के समय को लेखक ने उसके जीवन का एक नया अध्याय क्यों कहा है?
(ख)मास्टर त्रिलोक सिंह के किस कथन को लेखक ने 'जबान का चाबुक' कहा है? और क्यों?
(ग) पहाड़ी गावों की समस्या पर प्रकाश डालिए |

प्रश्न-14 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए| (8)

(क) शहर जाकर मोहन के जीवन में क्या बदलाव आए? लिखिए|

(ख)'मियां कहीं अखबारनवीस तो नहीं हो, यह तो फौजियों की खुराफात है|' अखबार की भूमिका को देखते हुए इस पर टिप्पणी कीजिए|

(ग)मियां नसीरुद्दीन कौन थे और उनकी क्या विशेषताएं थी|

(घ)नमक का दरोगा कहानी धन पर धर्म की विजय की कहानी है प्रमाण द्वारा स्पष्ट कीजिए|

प्रश्न-15"लता ने करुण रस के गानों के साथ न्याय नहीं किया है, जबकि श्रृंगारपरक गाने वे बड़ी उत्कटता से गाती हैं|" इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं**? (5)**

प्रश्न-16कुमार गन्धर्व ने लता को बेजोड़ गायिका क्यों कहा है? **(5)**

अथवा

शास्त्रीय संगीत और चित्रपट संगीत में क्या अन्तर है?

प्रश्न-17'राजस्थान की रजत बूँदें 'पाठ के माध्यम से आप राजस्थानी समाज से किस प्रकार परिचित होते है? विस्तारपूर्वक उत्तर दीजिए| **(5)**

प्रश्न-18कुईं का मुंह छोटा क्यों रखा जाता था?'राजस्थान की रजत बूंदें' पाठ के आधार पर बतलाइए| **(5)**

==